दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक–18 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. राजगीर में खेली जा रही महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले कल। भारतीय टीम का जापान से और चीन का मुकाबला मलेशिया से होगा।

02. बक्सर पुलिस ने पटना के महेन्द्रू घाट में तैनात रेलवे के वरीय प्रशाखा अभियंता विवेक रंजन को छियासठ लाख रुपये मूल्य के सोने के साथ गिरफ्तार किया।

03. प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट। पूर्वी चंपारण और पश्चिम चंपारण समेत हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में घने कोहरे की स्थिति।

04. और, प्रदेश में कई स्थानों पर वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर। हाजीपुर और पटना का वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ के पार।

———————————————————————————

राजगीर में खेली जा रही महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले कल होंगे। भारतीय टीम का सेमीफाइनल मैच में मुकाबला जापान से होगा। वहीं, चीन की टीम मलेशिया के खिलाफ मैच खेलेगी। इससे पहले कल खेले गए अंतिम ग्रुप–मुकाबले में भारतीय टीम ने जापान को तीन शून्य से पराजित कर दिया। भारत की ओर से दीपिका ने दो गोल दागे, जबकि एक गोल नवनीत कौर ने किया। इस जीत के साथ ही भारत प्रतियोगिता में अब तक सभी पांच मैच जीतकर पंद्रह अंकों के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर पहुंच गया है। भारतीय टीम ने प्रतियोगिता में अब तक छब्बीस गोल किये हैं।

———————————————————————————

कर्नल सी.के. नायडू अंडर–ट्वेंटी थ्री पुरूष क्रिकेट टूर्नामेंट में मेजबान हरियाणा ने बिहार को पारी और दो सौ अड़तीस रन के विशाल अंतर से पराजित कर दिया। गुरूग्राम क्रिकेट ग्राउंड, सुल्तानपुर में पहले चरण के अपने आखिरी और चौथे मुकाबले में बिहार ने पहली पारी में एक सौ सत्रह और दूसरी पारी में एक सौ तैंतालीस रन बनाए। हरियाणा ने अपनी पहली पारी के आधार पर बिहार को चार सौ अट्ठानवे रन का लक्ष्य दिया था।

———————————————————————————————————

बक्सर पुलिस ने पटना के महेन्द्रू घाट में तैनात रेलवे के वरीय प्रशाखा अभियंता विवेक रंजन को छियासठ लाख रुपये मूल्य के सोने के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से सोने के आठ बिस्किट बरामद किये हैं, जिसका वजन आठ सौ ग्राम है। मौके से विवेक रंजन के चालक गुंजन कुमार को भी गिरफ्तार किया गया। बक्सर पुलिस ने गिरफ्तारी की सूचना सीबीआई को दी, जिसके बाद सीबीआई ने इस केस को हैंड–ओवर कर लिया। इसके बाद सीबीआई ने विवेक रंजन के पटना के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र अंतर्गत नेहरु नगर स्थित आवासीय परिसर में छापेमारी की। देर रात तक छापेमारी जारी थी।

———————————————————————————————————

प्रर्वतन निदेशालय धनशोधन मामले में गिरफ्तार भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव के दो निकट सहयोगियों प्रवीण चौधरी और पुष्पराज बजाज को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दोनों से ऊर्जा विभाग में विभिन्न कार्यों के लिए आवंटित ठेके के बारे में पूछताछ हो रही है।

———————————————————————————————————

विधान परिषद की तिरहुत स्नातक सीट पर पांच दिसम्बर को होने वाले उप चुनाव के लिए आज नामांकन का अंतिम दिन है। उप चुनाव के लिए नामांकन करने वालों में जदयू के अभिषेक झा, राजद के प्रोफेसर गोपी किशन और जनसुराज के डॉ. विनायक गौतम प्रमुख हैं। कल नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि इक्कीस नवम्बर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकते हैं।

———————————————————————————————————

राज्य में पैक्स चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया समाप्त हो गयी है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के अनुसार आज नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी और बाईस नवंबर तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के लिए मतदान उनतीस नवम्बर को होगा। वहीं, चौथे चरण में एक दिसम्बर को होने वाले मतदान के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इधर, मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आने के बाद विभिन्न जिलों में सात और पैक्स के चुनाव स्थगित कर

दिए गए हैं। अनियमितता को लेकर अब तक कुल छियालीस पैक्सों में चुनाव प्रक्रिया स्थगित की जा चुकी है।

——————————————————————————————

राज्यभर के लगभग एक लाख बीस हजार शिक्षकों ने अब तक तबादले के लिए आवेदन किये हैं। शिक्षा विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर पिछले ग्यारह दिनों से स्थानांतरण के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है। शिक्षक बाईस नवम्बर तक तबादले के लिए आवेदन कर सकेंगे।

——————————————————————————————

नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित नालंदा ज्ञान कुंभ में जुटे शिक्षाविदों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को अपनाने पर बल दिया। तीन दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन उद्घाटन सत्र में चार अलग–अलग सत्रों में विशद चर्चा की गई। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि स्व भाषा, स्व संस्कृति और स्व परंपरा को जागृत कर भारत को विकसित बनाया जा सकता है। वहीं, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नालंदा की ऐतिहासिकता की चर्चा करते हुए कहा कि यहां नालंदा कॉरिडोर बनेगा। अंतरराष्ट्रीय नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित ज्ञान कुंभ में बिहार समेत तेरह राज्यों के शिक्षाविद, शोधार्थी और विद्यार्थी शिरकत कर रहे हैं। इसका आयोजन शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की ओर से किया गया है।

——————————————————————————————

पटना के प्रेमचंद रंगशाला में बाईस नवम्बर से चौबीस नवम्बर तक इंद्रधनुष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्वी राज्यों के चार सौ से अधिक लोक कलाकार जुटेंगे और अपने–अपने प्रांत की लोक कलाओं का प्रदर्शन करेंगे। पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता और बिहार सरकार के कला संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम को आयोजन किया जा रहा है।

——————————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नवासी नये मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें पटना के छप्पन मरीज हैं। वहीं, राजधानी पटना से चिकनगुनिया के भी तेरह नये मामलों की पुष्टि हुई है।

---

नाईजीरिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द नाइजर से सम्मानित किया है। श्री मोदी ने इस सम्मान को विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हुए कहा कि यह सिर्फ उनका ही नहीं, बल्कि भारत की जनता का भी सम्मान है।

———बाईट———

मैं इस सम्मान को विनम्रता और आदर भाव से स्वीकार करता हूं और इस सम्मान को 140 करोड़ भारतवासियों और भारत गहरी मित्रता को समर्पित करता हूं। हमें भारत और नाइजीरिया के बीच स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

श्री मोदी ने कहा कि अफ्रीकी देशों के साथ घनिष्ठ सहयोग भारत की उच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में नाइजीरिया की महत्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका रही है।

---

प्रदेश में पछुआ हवा की रफ्तार तेज होने के साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आने से ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले पांच दिनों के दौरान औसत न्यूनतम तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। वहीं, अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक की कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश का औसत तापमान तेरह डिग्री सेल्सियस और औसत अधिकतम तापमान तीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि आज सुबह से पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, पूर्णिया और कटिहार समेत हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में घना कोहरा छाया हुआ है। दृश्यता का स्तर कम होने के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी असर पड़ा है।

---

प्रदेश में कई स्थानों पर वायु  प्रदूषण की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान हाजीपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक– एक्यूआई तीन सौ छियासठ दर्ज किया गया। वहीं, राजधानी पटना की हवा भी बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गयी है। यहां का एक्यूआई तीन सौ एक रिकॉर्ड किया गया। वहीं, अन्य शहरों में राजगीर का एक्यूआई दो सौ छप्पन, किशनगंज का दो सौ अड़तीस, समस्तीपुर का दो सौ चार और मुजफ्फरपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक दो सौ एक रिकॉर्ड किया गया।

इधर, राजधानी पटना में प्रदूषण को कम करने के लिए नगर निगम की ओर से एंटी स्मोक गन और वॉटर स्प्रिंकल का उपयोग किया जा रहा है।

———————————————————————————

पूर्वोत्तर रेलवे के चौरा चौरी–गौरी बाजार–बैतालपुर स्टेशन के मध्य तकनीकी कार्य के चलते कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज और कल गोरखपुर – पाटलिपुत्र – गोरखपुर एक्सप्रेस, नरकटियागंज – गोरखपुर कैंट – नरकटियागंज स्पेशल और नरकटियागंज–बढ़नी–नरकटियागंज स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी। दरभंगा, नरकटियागंज और जयनगर से खुलने वाली कई ट्रेनों के परिचालन और ठहराव में भी बदलाव किया गया है।

———————————————————————————

राज्य के चार जिलों भागलपुर, जमुई, बक्सर और मुंगेर स्थित पीपल, पाकड़, बरगद, नीम, कनक, चम्पा, ईमली, सेमल और महुआ के चालीस वृक्षों को हेरिटेज का दर्जा दिया जाएगा। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि चयनित वृक्षों को हेरिटेज घोषित करने के लिए जैव विविधता पर्षद को निर्देश दिये गये हैं।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज महान स्वतंत्रता सेनानी बटुकेश्वर दत्त को उनकी जयंती पर याद कर रहा है। बटुकेश्वर दत्त का जन्म आज ही के दिन वर्ष उन्नीस सौ दस में तत्कालीन बंगाल के वर्द्धमान जिले में हुआ था। बटुकेश्वर दत्त को केंद्रीय विधानसभा सभा में बम विस्फोट के लिए काला–पानी की सजा सुनाई गयी थी। वर्ष उन्नीस सौ सैंतालीस से वे पटना रहने लगे थे। उन्नीस सौ तिरेसठ में बटुकेश्वर दत्त बिहार विधान परिषद के सदस्य भी बने। इधर, उनकी जयंती पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————————————————

हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेले में आज सहकारिता मंडप का उद्घाटन किया जाएगा। सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार इसका उद्घाटन करेंगे। यह मंडप चार हजार वर्ग फुट में फैला होगा।

———————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के पिपरा थाना क्षेत्र बखरी बाजार के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज रेलवे स्टेशन के पास से पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ और हथियार तस्कर रियाजुल शेख को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक रिवॉल्वर और मादक पदार्थ बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार तस्कर पश्चिम बंगाल के मालदा का रहने वाला है।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले के बारूण थाना क्षेत्र अंतर्गत हवसपुर गांव में अवैध खनन और शराब करोबारियों के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस मामले में चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है।

———————————————————————————

दानापुर नगर परिषद के उपसभापित दीपक मेहता की हत्या के मामले में फरार चल रहे कुख्यात शंकर यादव को एसटीएफ और दानापुर पुलिस की टीम ने सगुना मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी और मणिपुर हिंसा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – चक दे इंडिया : अजय अभियान के साथ भारत सेमीफाइनल में।

**प्रभात खबर** लिखता है – इम्फाल घाटी में भीड़ में चार और विधायकों के घर फूंके। एनपीपी ने लिया सरकार से समर्थन वापस।

डॉल्फिन से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित करते हुए **दैनिक भास्कर** ने लिखा है – उनतीस साल बाद डॉल्फिनों ने छह गंगा घाटों पर बनाया आशियाना। वहीं, **दैनिक जागरण** ने भी डॉल्फिन संरक्षण से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर स्थान देते हुए लिखा है – गंगा–डाल्फिन के लिए एम्बुलेंस सेवा पर मुहर।

**आज** अखबार ने मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सदा के हवाले से लिखा है – शराब के धंधे में शामिल लोगों पर सीसीए लागू करेंगे।

**राष्ट्रीय सहारा** समेत **अन्य** प्रमुख अखबारों ने राजधानी पटना में अभिनेता अल्लु अर्जुन की फिल्म के ट्रेलर लॉचिंग की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. राजगीर में खेली जा रही महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले कल। भारतीय टीम का जापान से और चीन का मुकाबला मलेशिया से होगा।

02. बक्सर पुलिस ने पटना के महेन्द्रू घाट में तैनात रेलवे के वरीय प्रशाखा अभियंता विवेक रंजन को छियासठ लाख रुपये मूल्य के सोने के साथ गिरफ्तार किया।

03. प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट। पूर्वी चंपारण और पश्चिम चंपारण समेत हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में घने कोहरे की स्थिति।

04. और, प्रदेश में कई स्थानों पर वायु प्रदूषण की स्थिति गंभीर। हाजीपुर और पटना का वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ के पार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।